नईदुनिया



# महिला स्वास्थ्य और फिटनेस को मिला नया मंच

## हर हेल्थ हॉस्पिटल में 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम, अभिनेत्री सैयामी खेर ने खिलाड़ियों से किया संवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महिलाओं के स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर हेल्थ हॉस्पिटल, भोपाल में एक विशेष 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शहर के 100 से अधिक एथलीट्स और साइक्लिस्ट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं आयरनमैन ट्रायथलीट सैयामी खेर रहीं। सैयामी खेर भारत की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में शामिल हैं जिन्होंने कठिन आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन पूरा कर खेल और फिटनेस के क्षेत्र में नई मिसाल पेश की है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों से संवाद करते हुए नियमित व्यायाम और खेल गतिविधियों से जुड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध सेलिब्रिटी फोटोग्राफर मानव मंगलानी तथा निवियन हेल्थकेयर के डायरेक्टर निलेश आउटी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर हर हेल्थ हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. प्रिया भावे चित्तावर और डॉ. सचिन चित्तावर ने अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हर हेल्थ हॉस्पिटल लगातार विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी पहल कर रहा है। कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ियों और प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शहर में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह कार्यक्रम 8 मार्च को आयोजित होने वाले वीमेंस डे मैराथन और हर हेल्थ के स्थापना दिवस समारोह की प्रस्तावना के रूप में आयोजित किया गया।

### मुख्य बिंदु

- हर हेल्थ हॉस्पिटल में 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम आयोजित
- 100 से अधिक एथलीट्स और साइक्लिस्ट्स की भागीदारी
- अभिनेत्री सैयामी खेर ने साझा किए फिटनेस अनुभव
- महिला स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश
- 8 मार्च के वीमेंस डे मैराथन की तैयारी के रूप में आयोजन

# होली मिलन समारोह में शहर की विभूतियों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रंगों के पर्व होली के अवसर पर मालती राय महापौर, मानस भवन में आयोजित होली के रंग आपके संग कार्यक्रम में शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने आलोक शर्मा सांसद को भोपाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन अभिनव कला परिषद और मधुवन संस्था द्वारा किया गया। होली मिलन समारोह में कला, संस्कृति और सामाजिक क्षेत्र की कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। पद्मश्री कैलाशचंद्र पंत को अमृत अभिषेक सम्मान और पद्मश्री नारायण व्यास को खेल शिल्पी मनीषी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष विजयदत्त श्रीधर, सचिव अतुल सुरेश तांतेड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को रंगीन बना दिया।

# विंध्य समाज का होली मिलन समारोह मयूर पार्क में संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विंध्य समाज का होली मिलन समारोह 6 मार्च को मयूर पार्क में उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

समारोह में रंग और गुलाल की जगह गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली गई तथा विभिन्न मंडलों द्वारा फाग गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं।

विंध्य समाज के प्रवक्ता महेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भोपाल दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भोपाल में विंध्य क्षेत्र के लाखों लोग निवास करते हैं और समाज ने हमेशा सभी वर्गों के साथ मिलकर कार्य किया है। उन्होंने भोपाल-रीवा ट्रेन को नियमित करने तथा विंध्यनगर के प्रस्ताव को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पार्षद ज्योति मिश्रा, आर.के. सिंह बघेल, पं. चंद्रशेखर तिवारी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नगर निगम के विशेष शिविरों में 1.94 करोड़ से अधिक राजस्व वसूली

**भोपाल।** भोपाल में नगर निगम द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए विशेष राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया गया। शहर के 85 वार्डों सहित 169 स्थानों पर आयोजित इन शिविरों में करदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह में आयोजित इन शिविरों में संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क सहित अन्य करों का भुगतान किया गया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य करदाताओं को आसानी से कर भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना था। निगम के राजस्व अमले ने वाहनों पर लगे पीए सिस्टम और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से करदाताओं को जानकारी दी। इन प्रयासों से 2465 करदाताओं ने कुल 1 करोड़ 94 लाख 20 हजार 870 रुपये की राशि निगम कोष में जमा कराई। नगर निगम ने नागरिकों से समय पर कर भुगतान कर शहर के विकास में सहयोग करने की अपील की है।

## 25 बच्चों की मौत के मामले में जांच तेज, कई खुलासे संभव

# जहरीले कफ सिरप मामले में दो डॉक्टर गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले में विशेष जांच दल ने दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए डॉक्टरों की पहचान डॉ. अमन सिद्दीकी और डॉ. एस.एस. ठाकुर के रूप में हुई है।

एसआईटी को जांच के दौरान बच्चों के इलाज से जुड़ी पर्चियों में महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। इस कफ सिरप कांड में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

जांच टीम के अनुसार डॉक्टरों द्वारा लिखी गई पर्चियों में बच्चों के लिए कफ सिरप लिखने के संकेत मिले हैं, जिसे जांच में संदिग्ध माना गया है। बताया गया कि इसी जहरीले कफ सिरप के सेवन से 25 बच्चों की मौत हो गई थी।

राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल का गठन किया था, जो पिछले कई महीनों से दवा सप्लाई, इलाज प्रक्रिया और दस्तावेजों की जांच कर रहा है। जांच में सामने आया कि दवा बनाने में इस्तेमाल किया गया प्रोपलीन ग्लायकॉल फार्मास्यूटिकल ग्रेड का नहीं था। यह केमिकल चेन्नई की एक कंपनी से खरीदा गया था। जांच में यह भी पाया गया कि कंपनी ने केमिकल की गुणवत्ता की जांच नहीं कराई थी। अधिकारियों को शक है कि दस्तावेजों को छिपाने का प्रयास किया गया।

इससे पहले भी इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एसआईटी का कहना है कि जांच अभी जारी है और आने वाले समय में और भी खुलासे हो सकते हैं। पुलिस दवा सप्लाई चेन और अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## युवक ने की आत्महत्या, प्रेम संबंध बना कारण

अशोका गार्डन क्षेत्र में प्रेम संबंध में विवाद के बाद एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक ने अपनी मां की साड़ी का फंदा बनाकर जान दे दी। मृतक की पहचान 24 वर्षीय दीपक गुर्जर के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह सेठी नगर इलाके की है। युवक की मां ने बेटे का शव रेलिंग पर लटका देखा और तुरंत पड़ोसियों को बुलाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट में युवक ने अपनी प्रेमिका पर धोखा देने, धमकी देने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। उसने लिखा कि वह और उसकी प्रेमिका लगभग 6 से 7 साल से रिश्ते में थे और शादी करने का वादा किया था। लेकिन बाद में युवती ने शादी से इनकार कर दिया। युवक ने सुसाइड नोट में आरोप लगाया कि प्रेमिका उसे धमकी देती थी कि वह रेप का केस दर्ज करवा देगी और जेल भिजवा देगी। युवक ने यह भी लिखा कि प्रेमिका ने दो दिन पहले उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया था।

## नीलगाय का बोट क्लब पर अनोखा नजारा

**नप्र, भोपालः** भोपाल में शनिवार शाम जंगल से भटककर तीन नीलगाय बड़ा तालाब स्थित बोट क्लब के सामने पहुँच गए। नीलगाय के भटकने की सूचना पाकर आसपास की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचा लिया।

नीलगाय के शावक विंड एंड वेव्स होटल के गेट के पास इधर-उधर भटकते रहे। रैलिंग होने के कारण वे पहाड़ी की ओर नहीं जा पाए। सूचना मिलते ही वन विभाग और वन विहार नेशनल पार्क की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के एसडीएम धीरज सिंह चौहान ने बताया कि टीम के आने तक नीलगाय जंगल की ओर चले गए थे। विंड एंड वेव्स होटल से कुछ ही दूरी पर वन विहार नेशनल पार्क है, जहां बड़ी संख्या में नीलगाय हैं। वन विहार की टीम ने जंगल के बाहर भटकने वाले नीलगायों पर नजर रखी। यह घटना दर्शाती है कि जंगल और शहर के बीच के क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा और निगरानी महत्वपूर्ण है।

## सेवासदन महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** भोपाल का सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय महिला सशक्तिकरण के एक जीवंत उदाहरण के रूप में उभरा है, जहाँ कुल 276 कर्मचारियों में से 55 प्रतिशत (152) महिलाएँ सेवारत हैं।

यहाँ की सभी 14 नेत्र चिकित्सक महिलाएँ ही हैं, जो अपनी दक्षता और संवेदनशीलता से मरीजों का उपचार कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चिकित्सालय द्वारा महिला रोगियों के लिए सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया है। एसएसएनएफ ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि महिला कर्मियों के सेवा भाव और करुणा के कारण ही यह संस्थान राजधानी के अग्रणी चिकित्सा केंद्रों में शामिल है।

# किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी में नन्हें-मुन्नों की प्रतिभा का प्रदर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** विद्यासागर पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। नन्हें बच्चों ने अपनी शिक्षा के पहले पड़ाव को पूरा करने की खुशी मनाई।

समारोह का शुभारंभ शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष संत सिद्धभाऊ ने किया। भाऊ ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के महत्व को समझाया। केजी 2 के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की रंग-बिरंगी वेशभूषा, आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का आकर्षण स्नातक समारोह रहा,



जिसमें किंडरगार्टन के विद्यार्थियों को स्नातक टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने स्वागत भाषण दिया। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी, मिठी की कोऑर्डिनेटर मिनी नायर एवं नवनिध की कोऑर्डिनेटर रीटा आहूजा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों की वेतन वृद्धि

**नप्र, भोपालः** शासकीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टरों के वेतन विवाद में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 8 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि अब हर साल बढ़े हुए वेतन पर चक्रवृद्धि आधार पर लागू की जाएगी।

इस निर्णय से 2018 से लंबित एरियर राशि भी ब्याज सहित दी जाएगी। अदालत ने कहा कि यदि वेतन वृद्धि केवल प्रारंभिक वेतन पर ही दी जाती है तो कर्मचारियों के वेतन में स्थिरता आ जाती है, जो न्यायसंगत नहीं है। यह मामला सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। अदालत ने 6 अगस्त 2018 की अधिसूचना को सही मानते हुए प्रशासन के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें वृद्धि को निश्चित राशि के रूप में जोड़ा जा रहा था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वेतन वृद्धि का लाभ सेवा अवधि के दौरान लगातार मिलना चाहिए। इस फैसले का प्रभाव इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े 38 विशेषज्ञ डॉक्टरों पर पड़ेगा। इनमें न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी जैसे विभागों के चिकित्सक शामिल हैं। इसके अलावा एनेस्थीसिया और रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टर भी लाभान्वित होंगे। वर्तमान में असिस्टेंट प्रोफेसर का वेतन लगभग डेढ़ लाख रुपये, एसोसिएट प्रोफेसर का ढाई लाख रुपये और प्रोफेसर का वेतन लगभग तीन लाख रुपये प्रतिमाह है।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. रतनपुर सड़क, तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.**

रा.प्र.क्र. 0759/अ-12/2025-26
ग्राम नाम-रतनपुर सड़क
0228R053-APP-27451228

**सूचना पत्र**

**प्रति,** 1. श्री अमित मंडलोई पिता श्री पुरुषोतम मंडलोई नि. 225 हेवन्स लाईफ कटरा हिल्स भोपाल, 2. श्रीमति पल्लवी व्यास पत्नी श्री तपन व्यास नि. शाहपुरा भोपाल, 3. श्रीमती संगीता पाठक पत्नी यदुनंदन पाठक नि. रतनपुर सड़क भो., 4. श्रीमती कृति चतुर्वेदी पत्नी संतोष चतुर्वेदी नि. 61, निखिल नेस्लम जाटखेड़ी, 5. श्री नागदास अग्निहोत्री बाम्हण समाज अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, नि. आशिमा माल, 6. श्री बाबूदास पिता श्री नारायण दास नि. भोपाल, 7. श्रीमती रेखा बाई पिता नारायण दास नि. रतनपुर, 8. श्री त्रिलोक चतुर्वेदी पिता श्री किशन लाल चतुर्वेदी नि. 35, एम.आई.जी. कैलाश नगर गौतम नगर, भोपाल, 9. श्री मुस्कान राठौर पत्नी श्री हरीश राठौर नि. भो., 10. श्री रघुवर दास पिता नारायण दास नि. भोपाल, 11. पन्नालाल मल्लीबाई पिता रामकिशन कांती बाई स्व. श्री पर्वत सिंह देवकली एवं अन्य नि. भोपाल, 12. श्रीमती रेशमा बाई नेना हिम्मत सिंह, माटगेसिंह वीरेंद्र एवं अन्य नि. ग्राम रतनपुर, सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पड़ोसीगण। **विषय**-सीमांकन किये जाने हेतू बाबत् सूचना-पत्र। **एतद द्वारा** सूचित किया जाता कि आवेदक श्री अमित मंडलोई पिता श्री पुरूषोत्तम मंडलोई एवं अन्य निवासी कटारा हिल्स भोपाल, द्वारा ग्राम- रतनपुर सड़क प.ह.न-0 में स्थित खसरा नंबर क्रमांक 185/7/1/1/1/2, 185/7/1/1/2, 185/7/2, 185/7/1/2, 5/7/1/1/1/3, 185/4/1/1/1, 185/4/1/1/2, क्रमांक 185/4/2/2, 185/4/2 रकवा क्र. 0.04 हे. 0.044 हे. 0.0446, 446 हे., 0.1533 हे. 0.1744 हे. 0.0278 हे. 0.1884 हे. 0.1884 हे., भूमि कुल रकवा.. हेक्टयर भूमि का सीमांकन हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 12/03/2026 को समय प्रातः 12:30 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा वाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नही होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 07/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**राजस्व निरीक्षक**
**तहसील-कोलार जिला-भोपाल**

3892

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फयनेंस बैंक लिमिटेड शाखा प्रबंधक महोदय के बताये गए व उपलब्ध करवाये गये दस्तावेजों व निर्देशानुसार स्वपनिल शर्मा आत्मज स्व. श्री ओमप्रकाश शर्मा के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का एक क्रिता भूखण्ड जिसका कुल एरिया-1000 वर्ग फिट, स्थित शाहपुर हदाईपुर, वार्ड नं. 14, बेगमगंज, तह. बेगमगंज, जिला रायसेन म.प्र. निम्न चतुर्थ सीमाओं पर स्थित है, पूर्व में-30 फिट चौड़ा रोड, पश्चिम में-10 फिट चौड़ा रोड, उत्तर में-50 फिट लंबा रास्ता, दक्षिण में-50 फिट लंबा रास्ता, उत्तर सम्पत्ति श्री स्वपनिल शर्मा की माताजी श्रीमती किशोरी बाई पत्नि श्री ओमप्रकाश के नाम पर पंजीबद्ध है, जिसका पंजीयन सब. रजि. कार्यालय में बुक क्र.-136 व दस्तावेज क्र.-204 दिनांक 10.09.1986 पर पंजीबद्ध है। यह कि श्रीमती किशोरी बाई व ओमप्रकाश शर्मा की मृत्यु हो चूंकि है व राजस्व व नगर निगम रिकार्ड में उनके उत्तराधिकारियों के रूप में पुत्री 1. ज्योति, 2. प्रीति, 3. नेहा, 4. नीतु पुत्र 5. सोहित, 6. स्वपनिल है पुत्र/पुत्रियां ओमप्रकाश शर्मा, अतः उक्त सम्पत्ति के संबंध में नं. 1 व 5 तक पक्षकार द्वारा श्री स्वपनिल शर्मा पुत्र स्व. ओमप्रकाश शर्मा के पक्ष में दिनांक 11.02.2026 को एक हक त्याग पत्र निष्पादित किया गया है। जिसका पंजीयन सब रजिस्ट्रर्ड कार्यालय में ई-पंजीयन क्र.- MP45IGR18112026A100168004 पर पंजीबद्ध है। उक्त सम्पत्ति पर श्री स्वपनिल शर्मा आत्मज श्री ओमप्रकाश शर्मा द्वारा ए.यू. स्मॉल फायनेंस लिमिटेड द्वारा स्वीकृत लोन हेतु लोन स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा उक्त सम्पत्ति मोतीलाल ओसवाल फायनेंस लिमिटेड भोपाल में बंधक रखी जा रही है उक्त सम्पत्ति का किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, शासकीय व अर्ध शासकीय संस्था, विभाग या बैंक या संस्था सोसायटी या अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो लिखित दस्तावेज आगामी सात दिवस में मेरे कार्यालय या मोबाईल नं. पर संपर्क कर प्रस्तुत करें, उक्त समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य रहेगी।

**ANAMIKA NATH, ADVOCATE**
OFFICE cum Resi. H.No.29, Satakshi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal (M.P.)
Mob. 9039026897

3891

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल फायनेंस लिमिटेड शाखा प्रबंधक के बताये व उपलब्ध करवाये गये दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती अपेक्षा जैन पत्नी श्री अभिषेक जैन द्वारा श्री मुकेश साहू आत्मज श्री मिट्ठूलाल साहू के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का एक क्रिता मकान (तीन मंजीला) स्थित, नवीन नगर, वार्ड नं. 39, मेन रोड जागृति कॉलोनी नगर निगम सीमा के अंदर, तहसील हुजुर जिला भोपाल (म.प्र.) जिसका कुल एरिया 450 वर्गफीट है जिसकी चतुर्थ सीमायें-पूर्व में-बाहर का रास्ता, पश्चिम में-रामस्वरूप का मकान, उत्तर में-कालूराम का मकान, दक्षिण में - राधे विट्ठल का मकान, जिसका पंजीयन श्री मुकेश साहु के नाम पर सब रज़ कार्यालय में दिनांक 11.06.1996, पर पुस्तक क्र. अ-1-11634 व दस्तावेज क्र.884(ख) पर पंजीबद्ध है। उक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु श्रीमती अपेक्षा जैन पत्नी श्री अभिषेक जैन द्वारा क्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है, तथा उक्त सम्पत्ति पर स्वीकृत लोन हेतु मोतीलाल ओसवाल फायनेंस लिमिटेड द्वारा लोन स्वीकृति प्रदान की जा चुंकि है, यह कि उक्त सम्पत्ति की मूल पंजीयन बहीं गुम हो गई है जिस संबंध में ऐशबाग थाना प्रभारी महोदय द्वारा स्वीकृति सूचना संबंध में प्राप्त की जा चुकी है। यह कि उक्त सम्पत्ति मोतीलाल ओसवाल में अपेक्षा जैन पत्नी श्री अभिषेक जैन द्वारा अपने नाम पंजीयन करवाकर सम्पत्ति बंधक रखी जा रही है। उक्त सम्पत्ति का किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, विभाग या बैंक, सोसायटी या अन्य किसी भी व्यक्ति, का कोई भी हित हो तो लिखित दस्तावेज आगामी सात दिवस में मेरे कार्यालय या मोबाईल नं. पर संपर्क कर प्रस्तुत करे, उक्त समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य रहेगी।

**ANAMIKA NATH, ADVOCATE**
OFFICE cum Resi. H.No.29, Satakshi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal (M.P.)
Mob. 9039026897

3890


## पूज्य सिंधी पंचायत होली मिलन व साधारण सभा की बैठक

# सर्वसम्मति से बसंत चेलानी चुनाव अधिकारी नियुक्त पांच जून को पंचायत सौंपेगी सदस्यता सूची

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** पूज्य सिंधी पंचायत का होली मिलन और साधारण सभा का आयोजन किया गया, अध्यक्षता माधु चांदवानी की अध्यक्षता में हुई सभा की बैठक में चुनाव और चुनाव अधिकारी का फैसला लिया गया। पंचायत सदस्यों ने रंग पर्व की एक-दूसरे का बधाई दी।

सिंधु समाज स्कूल सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने उपस्थित सदस्यों को होली की बधाई देते हुए कहा कि पंचायत द्वारा समाज हित में कई कार्य किए जा रहे है। इसी के साथ हुई पंचायत पदाधिकारियों की बैठक त्रिवार्षिक कार्यकाल समाप्त हो चुका है। आगामी जून माह में पंचायत के चुनाव कराए जाएगे। इसके लिए चुनाव अधिकारी का



चयन हम सबको मिलकर सर्वसम्मति से करना है। जिसमें सर्वसम्मति से संस्कार स्कूल परिवार के सचिव व संघ परिवार के प्रमुख बसंत चेलानी को चुनाव अधिकार घोषित किया गया है।

**चुनाव प्रक्रिया का तय हुई :** चांदवानी ने बताया कि 01 अप्रैल से 30 मई तक नये सदस्य बनाए जाएंगे। उसके पश्चात् 05 जून को सदस्यों की सूची चुनाव अधिकारी को सौंपी जाएगी। उसके पश्चात् चुनाव अधिकारी चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य व पार्षद राजेश हिंगोरानी ने भी अपने विचार रखे। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील वासवानी ने समाज को वर्तमान की परिस्थितियों को देखते हुए कहा कि हमे एक जुटकर होकर संगठित होकर रहना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोकचंद दीपानी ने समाज में पंचायत द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की कहा कि जो कार्य राजनेता को करना चाहिए अब पंचायत कर रही है।

## चैतीचांद पर शोभा यात्रा को भव्य बनाएं

थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी ने चेतीचांद पर निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की। इसके अलावा पंचायत उपाध्यक्ष भरत आसवानी, सिंधु समाज के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश इसरानी, बर्तन एसोसीएशन अध्यक्ष रामचंद मूलचंदानी, कांग्रेस नेता घनश्याम लालवानी, नव युवक सभा अध्यक्ष वासदेव वाधवानी, मूलचंद वीधानी, हीरो हिन्दू, कमल वीधानी, मनीष बागवानी, मनोहर वीधानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी आदि ने होली की बधाई दी। वार्षिक आय व्यय पेश किया गया, जिससे सर्वसम्मति से पास किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी व आभार महासचिव नंद दादलानी ने प्रकट किया।